Form No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत **न्यायालय जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़** मुकाम **चित्तौड़गढ**

नन्दराम वगैराह बनाम **भंवरलाल**

किस्म मुकदमा **राजस्व अपील** नं0 **016** सन **2021**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.03.2022	पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष अधिवक्ता हाजिर। हस्तगत प्रकरण में माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर द्वारा पत्रांक/टीए/निग/2021/4918/चित्तौड़गढ़/15.12.2021/8776-77 दिनांक 16.12.2021 से न्यायालय हाजा के आदेश दिनांक 21.09.2021 के संबंध में निगरानी प्रस्तुत होने से मूल पत्रावली तलब की गई है। माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 15.12.2021 से स्थगन आदेश प्रदान किये गये है, अतः हस्तगत प्रकरण में न्यायालय हाजा में कार्यवाही स्थगित की जाकर पत्रावली माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर को भिजवाये जाने का आदेश दिया जाता है। माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण में तहसीलदार चित्तौड़गढ़ की मूल पत्रावली प्रकरण संख्या 001/2021 निर्णय दिनांक 13.08.2021 जो कि न्यायालय हाजा की पत्रावली के साथ हम किता होकर रिकार्ड पर है। तहसीलदार चित्तौड़गढ़ की मूल पत्रावली भी माननीय न्यायालय भिजवाई जावें। न्यायालय हाजा की मूल पत्रावली माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर को भिजवाये जाने से हस्तगत प्रकरण में कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। प्रकरण में मूल पत्रावली प्राप्त होने पर माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के निर्देशानुसार कार्यवाही की जावें। पत्रावली का मुसन्ना कायम किया जाकर दाखिल दफ्तर किया जावें। तद्नुसार अभिलेखों में अंकन किया जावें। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। -S/D- (अरविन्द कुमार पोसवाल) जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	